हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 6 जुलाई 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 सरकार आपके साथ खड़ी है, किसी को अपनी...



09 कार्यकर्ता ही हैं भाजपा की असली पूंजी हम सब...



## खबर संक्षेप

### डॉ. अंबेडकर आईटीआई में प्रवेश पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** शासकीय डॉ.अम्बेडकर महिला आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश सत्र 2025-26 के लिए इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर से अथवा ऑनलाईन सहायत्ता केन्द्रों से प्रवेश पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रांरभ कर दिया गया है। डॉ अम्बेडकर शास. महिला ओ. प्रशि संस्था के प्राचार्य पी.एस. उइके ने जानकारी दी कि आईटीआई में प्रथम सूची के आवेदकों को प्रवेश दिया जा रहा है। इच्छुक आवेदक अपना पंजीयन एमपीऑन लाइन के कियोस्क सेन्टर में जाकर अथवा शास. आईटीआई सीहोर में आकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। आवेदकों के लिए नवीन रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार। इच्छित सस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकत्ता कम का चयन करना, इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के कम में च्वाईस फिलिंग लॉक करने के पूर्व तक त्रुटि सुधार 05 से 11 जुलाई तक, कॉमन रैंक आवेदकों के लॉगिन पर 12 जुलाई तक प्रदर्शित की जावेगी। कॉमन रैंक में यदि प्राप्तांकों में त्रुटि हो तो सुधार के लिए आवेदकों द्वारा पर्पोर्टल पर स्वय के लॉगिन पर जाकर एडिट त्रुटि सुधार 12 एवं 13 जुलाई तक किया जा सकेगा। तृतीय चयन सूची 17 जुलाई को जारी करना है। तृतीय सूची के आवेदकों का प्रवेश आवंटन पत्रों की ऑनलाईन उपलब्बा/आबंटित संस्था में उपस्थित्ति, मूल दस्तावेजों का सत्यापन 17 से 19 जुलाई तक किया जावेगा एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण् किया जाना है।

### ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**सीहोर।** कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी। विद्यार्थी को 30 जुलाई 2025 से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। ओटीआर के लिए विद्यार्थी के आधार नम्बर से मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता (एनपीसीआई) लिंक होना अनिवार्य है।

### 10 साल की गांरटी, एक बरसात नहीं झेल पाई 30 करोड़ की लागत से बनी 24 किमी लंबी सीहोर से श्यामपुर तक सड़क

# एफडीआर तकनीक फेल: इस तकनीक से प्रदेश में नहीं बनेगी सड़क, एमपीआरडीसी ने लगाया बैन!

### 10 साल की थी गारंटी, साल भर में ही गड्ढों में हुई तब्दील, अब पैंचवर्क से चलाया जा रहा काम, वाहन चालक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एमपीआरडीसी द्वारा साल भर पहले सीहोर से श्यामपुर तक की अति महत्वपूर्ण सडक़ का निर्माण किया गया है। 24 किलोमीटर बनी इस सडक़ पर भारी भरकम 30 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। एमपीआरडीसी द्वारा इस सडक़ को वास्तविक पद्धति से न बनाते हुए प्रायोगिक एफडीआर तकनीक से बनाया गया। दावा किया गया था कि एफडीआर तकनीक से बनी यह सडक़ 10 साल तक चलेगी, लेकिन पहले ही साल में सडक़ गड्ढों में तब्दील हो गई हे। अब पैंचवर्क से काम चलाया जा रहा है। सीहोर में फैल हुई एफडीआर तकनीक को अब प्रदेश भर में बैन कर दिया गया है। एमपीआरडीसी अब इस तकनीक से कोई सडक़ नहीं बनाएगा।

बता दें सीहोर से श्यामपुर तक की महत्वपूर्ण सडक़ है। यह सडक़ जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 46 से मिलती है। इस सडक़ के माध्यम से शहरवासी कुरावर, नरसिंहगढ़, ब्यावरा, राजगढ़, गुना-ग्वालियर सहित राजस्थान जाने के लिए उपयोग करते हैं। महत्वपूर्ण सडक़ होने के चलते इस सडक़ का निर्माण किया गया है। वर्ष 2023 में यह सडक़ पूरी तरह बनकर तैयार हुई है। खास बात यह है कि इस सडक़ का निर्माण एफडीआर पद्धति से किया गया है। इस तकनीक से निर्मित हुई प्रदेश की यह पहली सडक़ है। एमपीआरडीसी ने इस सडक़ का निर्माण कराया था, लेकिन घटिया निर्माण के चलते सडक़ ज्यादा दिन नहीं टिक पाई। सडक़ में गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं।







**10 साल का दावा, साल भर में उखड़ी सड़क**

सडक़ निर्माण के दौरान दावा किया गया था कि एफडीआर पद्धति (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन रिसाइकिलिंग) पद्धति है। इसमें बहुत ही कम संसाधनों में टिकाऊ सडक़ बनाई जा सकती है। इसमें कच्ची सडक़ को उखाड़ उसमें से निकलने वाले मटेरियल को प्लांट पर ले जाया जाता है। सडक़ के वेस्ट मटेरियल में केमिकल व आवश्यक सामग्री के साथ मिलाकर नया मटेरियल तैयार कर वापस से सडक़ पर डाला जाता है। यह सडक़ मजबूत और टिकाऊ होती है, जो 10 साल तक चलती है। हालांकि यह दावा साल भर में खोखला साबित हुआ और सडक़ पर साल भर में ही गड्ढे हो गए।

**इस तकनीक से सड़क नहीं बनाएंगे**

सीहोर से श्यामपुर तक सड़क एफडीआर तकनीक से प्रायोगिक तौर पर बनाई गई थी। प्रयोग फेल रहा अब आगे इस तकनीक से सड़कें नहीं बनाई जा रही हैं। इस सड़क पर पेंचवर्क का काम सतत जारी है।

**सोनल सिन्हा,** जीएम एमपीआरडीसी

**सीहोर में ही क्यों प्रयोग की गई तकनीक?**

शिक्षक राजेंद्र सिंह ने कहा कि सीहोर से श्यामपुर तक की सडक़ अति महत्वपूर्ण है। इस सडक़ से सैकड़ों गांवों के ग्रामीणों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर तीन दर्जन से अधिक यात्री बसों का संचालन होता है। अब सडक़ में फिर से गड्ढे हो गए हैं, जिससे हादसों का डर बना रहता है। इस महत्वपूर्ण सडक़ के निर्माण में ही इस तकनीक का प्रयोग क्यों किया गया।

**व्यापार प्रभावित हुआ था**

दुकानदार सुनील सिसोदिया ने बताया कि सडक़ के निर्माण के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। निर्माण की वजह से धूल मट्टी की वजह से असुविधा हुई थी तो निर्माण के दौरान व्यापार पूरी तरह से चौपट था। फिर धीरज रखा था कि कुछ दिन की परेशानी हैं, सडक़ निर्माण के बाद सुविधा होगी, लेकिन सडक़ फिर से गड्ढों में तब्दील हो गई है, यह जिम्मेदारों की लापरवाही है।

## जिला स्तरीय लैपटॉप वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



जिला मुख्यालय पर आयोजित लैपटॉप वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमला सागर विद्यालय नलखेड़ा के दो प्रतिभाशाली छात्र दर्शील तांतेड़ एवं प्रदीप लववंशी को इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में चयन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में खेल विज्ञान यूपीएससी तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों एवं विद्यालय प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक मधु गहलोत कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, जिला पंचायत सीईओ नंदा भलावे कुशरे, जिला शिक्षा अधिकारी एमके जाटव, कैलाश काका गवली, भेरूसिंह चौहान, रजनीश स्वर्णकार, दिनेश कुंभकार सहित बड़ी संख्या में शासकीय सेवक पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र दर्शील व प्रदीप को राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित किए जाने पर सराहना मिली।

## स्मार्ट तरीके से जनता की खून-पसीने की कमाई को लूटेंगे स्मार्ट मीटर: निशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्मार्ट मीटर जनता की खून पसीनो की गाड़ी कमाई को स्मार्ट तरीके से लूटने के लिए जबरदस्ती लगाए जा रहे हैं । जनता की जेब काटने के लिए विरोध के बावजूद स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है, और जनता को डराने के लिए बंदूक भी दिखा रहे है, कांग्रेस कार्याकर्ता जनता का अपमान सहन नहीं करेंगे और जनहित के मुददों को लेकर बेखौफ होकर आवाज उठाते रहेंगे उक्त शुक्रवार को कोतवाली चौराहा पर शहर ब्लाक कांग्रेस के द्वारा स्मार्ट मीटर के विरोध में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहीं।




शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर खपत से अधिक रिडिंग दे रहे हैं, अघोषित बिजली कटोती के दौरान भी स्मार्ट मीटर रिड्ढषडंग बना रहे है। बिजली के बिलों की राशि भारी मात्रा में बढ़ाकर दी जा रही है, समय पर मीटर की रिडिंग नही ली जा रही है। बिल तक समय पर नही दिये जा रहे हैं, विद्युत मण्डल की इसी प्रकार की कई अनीयमित्ताओं और मनमानी के कारण नागरिकों में काफी आक्रोष बना हुआ है। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विद्युत मण्डल द्वारा नागरिकों को जबरिया भारी भरकम बिजली के बिल थमाए जा रहे है। नागरिकों के विरोध के बाद भी जबरदस्ती घरों दुकानों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है जिससे अनेक स्थानों पर लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन रही है अब नागरिकों को डराने चमकाने के लिए बंदूकधारियों के साथ ठेकेदार के कर्मचारी मोहल्लों में पहुंच रहे है। जिससे शहर का माहौल खराब होने की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है। कोतवाली चौराहा पर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेता कार्याकर्ता शहर के मोहल्लें में पहुंचे और जबरदस्ती स्मार्ट मीटर घरों की दीवारों पर लगा रहे ठेकेदार के कर्मचारियों और बंदूकधारी सुरक्षा गार्डो का गांधीगिरी करते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत कर स्मार्ट मीटर लगाने बंद करने की चेतवानी दी गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्याकर्ताओं के द्वारा इंग्लिशपुरा रोड क्षेत्र के मकान मालिकों से भी चर्चा की गई। दुकानदारों ने बताया की जबरदस्ती तंग करने के लिए नगर पालिका के द्वारा टू लेन रोड बनाने के लिए मकानों दुकानों को तोड़ा जा रहा है जबकी यह हमारी निजी जमीन है।

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव मध्यप्रदेश कांग्रेस महासचिव शैलेन्द्र पटेल अखिल कांग्रेस कमेटी सदस्य हरपाल ठाकुर महिला जिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रुकमणि रोहिला विष्णु प्रसाद राठौर ओम वर्मा राजाराम बड़े भाई गणेश तिवारी प्रीतम दयाल चौरसिया ब्रजेश पटेल, रमेश गुप्ता धर्मेंद्र ठाकुर ओम बाबा राठौर राजेंद्र ठाकुर सीताराम भारती रघुवीर दांगी हैदर यार विनोद राठौर जयंत शाह विवेक राठौर कपिल उपाध्याय मजीद अंसारी आशीष गेहलोद डॉ मारुति राय घनश्याम यादव हर्षदीप राठौर ममता शर्मा राकेश वर्मा भूरा यादव पवन राठौर आशीष रोहिला ब्रजेश पटेल भगत तोमर मुकेश ठाकुर के के रिछारिया तारा यादव पंकज शर्मा चीनू राठौर कमल सूर्यवंशी गुलाब वर्मा सुरेश ठाकुर रहीस खान बने सिंह चंद्रवंशी देवेंद्र चौधरी ,मनोज पटेल कमलेश चांडक राज कौशल विवेक टांक ओम सोनी शामिल रहे संचालन सुनील दुबे आभार डॉ अनीश खान ने व्यक्ति किया। प्रदर्शन में संख्या में कांग्रेस नेता कार्याकर्ता शामिल रहे।

## गुरुकुल स्कूल में हुआ बाल संसद का गठन




**नलखेड़ा।** शनिवार को गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में नवीन सत्र 2025-26 के लिए बाल संसद का गठन किया गया। जिसमें प्रतिभाशाली बच्चों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बाल संसद में राष्ट्रपति यशिका पाटीदार, प्रधानमंत्री यशस्वी कसेरा, उपप्रधानमंत्री कृतिका मंडलेकर, शिक्षा मंत्री हृदयराज सिंह उप शिक्षा मंत्री स्वदेश जायसवाल, स्वास्थमंत्री मानव नागर, स्वच्छता मंत्री धैर्य सोनी, जल मंत्री कैरवी जैन, विज्ञान मंत्री इलिशा प्रजापति खेल मंत्री हनि अग्रवाल सांस्कृतिक मंत्री अक्ष तिवारी उप सांस्कृतिक मंत्री प्रांशुल त्रिवेदी पुस्तकालय मंत्री देवांश नागर एवं विज्ञान मंत्री गौरव नागर बनाए गए।

बाल संसद के गठन के बाद शिक्षकों द्वारा सभी को कुमकुम का तिलक लगाकर पुष्पहारों से स्वागत किया। जिसके उपरांत शपथ ग्रहण समारोह हुआ जिसमें सभी द्वारा शपथ ग्रहण की गई।

### जिम्मेदारों ने बेरिकेटिंग कर परिक्रमा मार्ग को भी कर दिया बंद, दर्शनार्थी हो रहे परेशान

# व्यवस्थाओं के नाम पर बेरिकेट्स परिसर बना मां बगलामुखी का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

किसी भी धार्मिक स्थल पर दर्शनार्थियों की संख्या को देखते हुए व्यवस्थाएं बनाना आवश्यक है, लेकिन व्यवस्था के नाम पर अति करना और उस धार्मिक परिसर को बेरिकेट्स का मकड़जाल बनाना दर्शनार्थियों की परेशानी का सबब बन जाता है। ऐसा ही कुछ नजारा मां बगलामुखी मंदिर पर आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि में दिखाई दिया।

मंदिर पर दर्शनार्थियों को कतार में दर्शन करवाने के लिए की गई बेरिकेटिंग एक उचित व्यवस्था मानी जा सकती है, लेकिन परिसर में कई स्थानों पर बेरिकेट्स रखकर अकारण भक्तों को परिसर में इधर से उधर जाने पर रोक लगाना उनके लिए परेशानी का कारण बना रहा। परिसर में स्थान स्थान पर लगाए गए बेरिकेट्स को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मंदिर का यह परिसर बेरिकेट्स परिसर बन गया है। यदि जिम्मेदारों को स्थान स्थान पर बेरिकेट्स रखकर व्यवस्था बनाना है तो इनके स्थान पर स्थायी रूप से दीवारें बना देना चाहिए जिससे दर्शनार्थी केवल माता रानी के दर्शन करें और बाहर निकल जाएं।




जिम्मेदारों द्वारा बेरिकेटिंग कर परिक्रमा मार्ग को भी बंद कर दिया गया जबकि हिन्दू धर्म में किसी भी देवी देवता के दर्शन के बाद परिक्रमा लगाने का महत्व है जिसका उल्लेख धर्म ग्रंथों में भी मिलता है। ऐसे में परिक्रमा को बंद करना धर्म सम्मत नहीं माना जा सकता है। एक ओर विगत कई वर्षों से मंदिर प्रशासन मंदिर परिसर को बड़ा करने के योजना बना रहा था ताकि सैकड़ों किमी दूर से आने वाले भक्त कुछ देर मंदिर परिसर में बैठ सकें वही दूसरी ओर वर्तमान में सम्पूर्ण परिसर में बेरिकेट्स लगाकर भक्तों को इधर से उधर जाने पर रोक लगाना समझ से परे है। गौरतलब है कि मंदिर परिसर बड़ा करना मां बगलामुखी लोक के लिए बनाए गए प्लान में भी शामिल है और इसे उज्जैन सिहंस्थ के पूर्व बड़ा किया जाना है।

**डेली दर्शन करने वालों व स्थानीय दर्शनार्थियों के लिए अलग से हो व्यवस्था**

सिद्धपीठ पर बढ़ती दर्शनार्थियों संख्या के दृष्टिगत मंदिर पर प्रतिदिन दर्शन करने जाने वालों व स्थानीय दर्शनार्थियों के लिए अलग से दर्शन व्यवस्था की जाना चाहिए। क्योंकि देखने में आता है कि दर्शनार्थियों की लंबी कतारों के चलते प्रतिदिन दर्शन वाले व स्थानीय दर्शनार्थी परेशान होते रहते हैं। इनके लिए दर्शन की अलग से कतार हो जिससे वे तत्काल दर्शन कर जा सके।

**शारदीय नवरात्रि तक की जाना चाहिए व्यवस्थाएं दुरुस्त**

वर्तमान में मां बगलामुखी मंदिर पर शनिवार रविवार या अवकाश के दिनों में अथवा किसी विशेष पर्व पर्व के साथ ही वर्ष की दो प्रकट व दो गुप्त नवरात्रि पर दर्शनार्थियों की संख्या हजारों में होती है। ऐसे में दूर दराज से आने वाले भक्तों के साथ ही स्थानीय भक्त आसानी से दर्शन लाभ प्राप्त कर सके दर्शन उपरांत परिक्रमा लगा सके एवं कुछ देर मंदिर परिसर में बैठकर मंदिर के आध्यात्मिक वातावरण का लाभ उठा सके इस प्रकार की व्यवस्था जिम्मेदारों को की जाना चाहिए।

### गुरु पूर्णिमा पर्व 10 जुलाई को

**सीहोर।** गुरु पूर्णिमा भारत की एक महान सांस्कृतिक परंपरा है, जो गुरु-शिष्य संबंध को आदर और श्रद्धा के साथ मनाने का पर्व है। गुरु की महानता के प्रति आदर प्रकट करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा 10 जुलाई, 2025 को गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है।

संचालक, संस्कृति ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संस्कृति विभाग के प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित संगीत महाविद्यालयों में एक साथ गायन-वादन एवं नृत्य केन्द्रित आयोजन होंगे। इसमें सबसे पहले सितार-संतूर जुगलबंदी की प्रस्तुति होगी।

खबर संक्षेप

## पति ने पत्नी से तंग आकर खुद को कैंची मारकर किया घायल



**देवास।** शुक्रवार को एक व्यक्ति ने खुद को कैंची मारकर घायल कर लिया। उसने पत्नी पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप लगाया और बताया कि पत्नी बच्चों से भी मिलने नहीं देती। घटना शुक्रवार की है। पीड़ित उमाकांत शर्मा (47) यूपी के औरैया का रहने वाला है। उसका कहना है कि एक साल से पत्नी और ससुराल वाले ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित उमाकांत शर्मा ने बताया कि 2010 में ओरछा के रामलला मंदिर में अपने पड़ोस में रहने वाली युवती से लव मैरिज की थी। 2011 में दोनों परिवारों की सहमति से दिल्ली के रिठाला चर्च में एक बार फिर शादी करवाई गई। इसके बाद हिंदू रीति-रिवाज से भी विवाह हुआ। उमाकांत ने बताया कि उसकी पत्नी लगातार उसे प्रताड़ित कर रही है। यहां तक कि उसका मोबाइल फोन भी ले लिया है। ससुराल वाले झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। शुक्रवार को जब वह अपने बच्चों से मिलने गया तो एमजी अस्पताल परिसर में ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की।पीड़ित ने दावा किया कि उसके बच्चों को धार्मिक अभिव्यक्ति की भी स्वतंत्रता नहीं दी जा रही है। उन्हें 'जय श्रीराम' बोलने से रोका जाता है। इसी तनाव के चलते उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा था, लेकिन अस्पताल में मारपीट के दौरान किसी ने वह नोट निकाल लिया। पुलिस का कहना है कि यदि पीड़ित लिखित शिकायत करता है तो जांच की जाएगी। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि दोनों पति-पत्नी का धर्म परिवर्तन की बात से कुछ लेना-देना नहीं है। पति ने बंद कमरे में खुद को कैंची मारकर घायल कर लिया था।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने ग्राम खिवनिखुर्द में प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

# सरकार आपके साथ खड़ी है, किसी को अपनी भूमि से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा: चौहान

### वन विभाग द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही से प्रभावित आदिवासी परिवारों से शिवराज ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज शिवराज सिंह चौहान शनिवार को खातेगांव विधानसभा के ग्राम खिवनिखुर्द पहुँचे और अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने ट्रैक्टर में बैठकर प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे और अजब सिंह के घर भोजन भी किया। इस दौरान उन्होंने संभव मदद का आश्वासन दिया। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि सरकार संवेदनशीलता के साथ आपके साथ खड़ी है। सभी प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। किसी को अपनी भूमि से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

विधायक एवं प्रशासन से जो सहायता मिली है उसके अलावा सांसद निधि से भी आवश्यक सहायता मुहैया कराई जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि गरीबों का हक उन्हें मिलना चाहिए। कही पर भी नवीन कब्जा नहीं होने देंगे, लेकिन पुराना कब्जा होगा उसे पर खेती करने का हक होगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र को लोगों को धरती आबा योजना का लाभ दिलाये। उन्होंने कहा कि घर-घर में नल के माध्यम से पानी मिलेगा ऐसा प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक गांव में युवाओं की एक टीम बनाएं जो पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाए कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। चौहान ने कहा कि सरकार की मंशा गांव मंजरे टोले को सड़क से जोड़ने की है। किसी भी गांव में कच्ची सड़क नहीं रहेगी। कोई भी कच्चे मकान में नहीं रहेगा सभी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देकर पक्के मकान बनाए जाएंगे। प्रत्येक गांव में स्व सहायता समूह बनाकर महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री के लखपति दीदी के सपनों को साकार करने का पूरे ईमानदारी से प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पात्र महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाया जाए। इस दौरान खातेगांव विधायक आशीष शर्मा,निर्मला बालेरा, प्रेम सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत, डीएफओ अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### वन विभाग की कार्रवाई के बाद हरकत में आए शिवराज

23 जून को हुई इस कार्रवाई के बाद बारिश के सीजन में आदिवासियों को बेदखल करने के मामले ने तूल पकड़ा। खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने 26 जून को सीएम डॉ. मोहन यादव को एक पत्र लिखकर आदिवासियों के घर गिराए जाने की शिकायत की। उन्होंने कार्रवाई करने वाले एसडीओ विकास माहोरे और रेंजर ओमकार सिंह को हटाने की मांग की। इसके बाद जब केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर में बैठक लेने पहुंचे तो सीहोर और देवास के आदिवासियों ने उनसे मुलाकात की। शिवराज ने मंच से ही वन विभाग, वन विकास निगम के अफसरों को फटकारते हुए कहा कि 30-35 साल पुरानी जमीन आदिवासी भाइयों की ही रहेगी, वहां से कोई नहीं हटेगा। बहुत रह लिए शेर-बाघ अब इंसानों को भी रहने दो। अब यहां कोई अभयारण्य नहीं बनेगा।

# आगामी त्योहारों को लेकर कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश किए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने आगामी आने वाले धार्मिक त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए देवास जिले की संवेदनशीलता और कानून व्यवस्था की स्थिति का उल्लेख कर आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से सपूर्ण देवास जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। वर्तमान में जिले में चल रही विभिन्न गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए जन सामान्य के हित व जानमाल की सुरक्षा, लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए संपूर्ण जिला देवास में विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए है।

जारी आदेश में विभिन्न मुद्दों को लेकर विभिन्न संगठनों के प्रदर्शन, धरना, सभा, रैली, जुलूस आदि सक्षम अधिकारी से पूर्वानुमति के बिना आयोजित नहीं किए जाएंगे। रैली, जुलूस आदि में किसी प्रकार के अस्त्र, शस्त्र धारण / प्रदर्शन पर प्रतिबन्ध रहेगा। बिना अनुमति पांडाल आदि निर्माण पर प्रतिबन्ध तथा इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाइल, कंप्यूटर, मैसेज / चित्र, कंमेंट, पोस्टर एवं अन्य सोशल मीडिया आदि पर विधि विरुद्ध संदेश के प्रसारण, अग्रेषण, सांप्रदायिक टिप्पणी पर प्रतिबन्ध किए गए हैं। जारी आदेश में उल्लेख हैं कि कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्ध हथियार, आग्नेय शस्त्र, हॉकी, डण्डा, रॉड इत्यादि लेकर नहीं चलेगा अथवा दुरूपयोग नहीं करेगा और न ही प्रदर्शन करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर सभा, धरना, प्रदर्शन, जुलुस, रैली, सार्वजनिक कार्यक्रम आदि का आयोजन नहीं करेगा। समूह, संस्था या अन्य पक्ष किसी भी सड़क, रोड़, रास्ता, हाईवे, आदि पर एकत्रित होकर यातायात में व्यवधान नहीं करेंगे या किसी अन्य प्रकार से कोई रूकावट उत्पन्न नही करेंगे या किसी व्यक्ति को आने जाने एवं उसके कार्य करने से नहीं रोकेंगे। सोशल मीडिया इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाईल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप्प एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति, सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी एवं आमजन की भावना भड़काने वाले अथवा किसी के बुरा लगने या आहत करने वाले व कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित करने वाले आपत्तिजनक मेसेज / चित्र/ कमेंट/ बैनर / पोस्टर आदि अपलोड नहीं करेगा / प्रदर्शित नहीं करेगा। संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी / राजस्व अधिकारी/नगरीय व ग्रामीण निकाय के सक्षम अधिकारी भी सामान्य जन एवं संबंधितों को आदेश की सूचना जारी करें। उक्त आदेश जारी होने की दिनांक से 02 माह तक प्रभावशील रहेगा।

## सीएम राइज स्कूल बागली में कार्यक्रम आयोजित



**बागली।** सीएम राइस स्कूल बागली के पात्र 56 छात्रों ने जनप्रतिनिधि गणों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री का लाइव कार्यक्रम देखा। समस्त छात्रों का स्वागत कर लेपटॉप वितरित किए गए।इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव सहायक संचालक प्रिया भानुपुरिया, प्राचार्य प्रकाश डाबी उपस्थित रहे। इस दौरान प्राचार्य प्रकाश डाबी, कमल यादव ने कहा कि सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं प्रोत्साहित करने के लिए योजना चलाई जा रही है, जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिल रहा है।सभी लाभान्वित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया, लाईव कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को लैपटाप के लिए राशि खाते में जमा की गई।इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि मोहन मांधनिया, प्रवीण चौधरी संकुल प्राचार्य वासुदेव जोशी, परमानंद पिपलोदिया, सोनिया वर्मा, डॉ प्रीति मालवीया, योगेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## जिले से राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुए शिवसैनिक

**देवास।** शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक विगत दिनों मुंबई में सम्पन्न हुई। जिसमें एक बार फिर शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे को पार्टी का मुख्यनेता अध्यक्ष पद पर सर्व सहमति से चुना गया है। शिवसेना प्रवक्ता सुनील वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यालय की ओर से प्राप्त निर्देशानुसार मप्र पदाधिकारी की बैठक बुलाई गई। युवा शिवसेना राष्ट्रीय कार्यालय ठाणे महाराष्ट्र पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पुर्वेशप्रताप सरनाईक, राष्ट्रीय सचिव किरण साली के मार्गदर्शन प्रदेशाध्यक्ष अनुराग सोनार की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई। बैठक में देवास जिले से बडी संख्या में शिवसैनिकों ने हिस्सा लिया। बैठक में मप्र कोर कमेटी के सदस्यों द्वारा कई मुद्दों पर मंथन किया गया। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदेश में किए गए संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई। कई जिलाध्यक्षों को उनके अच्छे कार्यों की तारीफ की और मजबूती लाने के निर्देश दिए।

# डीआईजी भसीन ने किया शहर का दौरा, जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



डीआईजी उज्जैन ने मोहर्रम के त्योहार के चलते शुक्रवार शाम शहर का आकस्मिक दौरा किया। जुलूस मार्गों का पैदल निरीक्षण भी किया। भसीन ने देवास पुलिस की व्यवस्थाओं की तारीफ भी की। पैदल भ्रमण करते हुए आम लोगो से बातचीत की।इस दौरान उन्होंने जुलूस मार्गों का पैदल चलकर अवलोकन किया एवं सुरक्षा तैयारियों की स्थिति का जायजा लिया।

डीआईजी ने शहर के तीन प्रमुख थानों का निरीक्षण किया तथा वहाँ उपस्थित अधिकारियों एवं बीट अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने स्थानीय पुलिस की तैयारियों की सराहना करते हुए कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने शहर में लगे सीसीटीव्ही कैमरा नेटवर्क का अवलोकन किया एवं निगरानी व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जुलूसों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने हेतु सतर्कता बरती जाए तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखे ।इस अवसर पर उनके साथ जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद भी उपस्थित रहे।

# इफको ने किया सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





कृषि विज्ञान केन्द्र बालगढ़ जिला देवास में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में इफको ने सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की पांच शाखाओं से संबद्ध 50 समिति प्रबंधकों ने भाग लिया। य्रह कार्यक्रम दीपाली खंडेलवाल उपायुक्त सहकारिता देवास के मुख्य आतिथ्य एवं बाबूलाल गोठवाल इफको आरजीबी सदस्य की अध्यक्षता तथा श्री पी एस पुरी सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक देवास, डॉ ओमशरण तिवारी मुख्य प्रबंधक विपणन इफको भोपाल, डॉ भार्गव वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक केवीके देवास व नीरजा पटेल कृषि वैज्ञानिक केवीके देवास के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। दीपाली खण्डेलवाल उपायुक्त सहकारिता ने सहकारिता के सुदृढीकरण में व्यवसाय विविधिकरण के बारे में जानकारी दी एवं बताया कि इफको के गैर अनुदानित उत्पादों के माध्यम से समिति की आर्थिक स्थिति को मज़बूत किया जा सकता है। पी एस पुरी ने सभी समितियों को व्यवसाय का दायरा बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। डॉ के एस भार्गव ने एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन एवं व्याधि प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी एवं प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। डॉ. ओम शरण तिवारी ने जैव उर्वरक एवं नैनो उर्वरक के महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मृदा एवं मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। रासायनिक उर्वरकों के कुप्रभाव को कम करने के लिए कृषको को जैव उर्वरक एवं नैनो उर्वरक का उपयोग करना चाहिए। इससे खेती की लागत कम होगी एवं मृदा व मानव स्वास्थ्य बना रहेगा। राजेश पाटीदार क्षेत्रीय प्रबंधक इफ़को देवास ने नैनो उर्वरकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाटीदार उपक्षेत्र प्रबंधक इफको देवास ने किया।

### बड़ी दुघर्टना के अंदेशा के चलते भवन के बाहर बैठकर शिक्षा लेने को मजबूर बच्चे

# जर्जर स्कूल भवन की छत से टपक रहा पानी, हो सकता है हादसा




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले सरकार व शिक्षा विभाग बच्चों को बेहतर शिक्षा देने बड़े दावे करते हैं, लेकिन जब जमीनी हकीकत सामने आती हैं तो सारे दावे झुठे साबित होते हैं।कांटाफोड़ संकुल अंतर्गत ग्राम पंचायत गोदना गांव स्थित शा. कन्या.प्राथमिक विद्यालय गोदना की बिल्डिंग पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। स्कूल के कमरों की दीवारों पर दरारें पड़ गईं हैं। स्कूल की छत कब गिर जाए, इसका कोई भरोसा नहीं है। बारिश में सभी कमरों से पानी टपकने लगता है।

बदहाल भवन की जानकारी जिम्मेदारों भी दी जा चूंकि है। स्कूल व्दारा जिम्मेदारों को लिखित रूप से भी अवगत कराया गया लेकिन भवन कि मरम्मत नहीं कराई गई। गांव के प्राथमिक विद्यालय में एक कमरे की दीवार पर दरार पड़ गई है। किसी अनहोनी की आशंका से बचने के लिए कमरे को बंद कर दिया गया है। इस कमरे में पढ़ने वाले बच्चों को दूसरे कमरे में पढ़ाया जा रहा है। लगता है शासन, प्रशासन, सरकारे किसी बड़ी दुघर्टना का इंतजार कर रहे हैं, ताकि दुर्घटना घटने के बाद परिजनों को आर्थिक मदद देकर अपना नाम और श्रेय लेकर दूसरों पर दोषारोपण किया जा सके। जबकि नवीन सत्र प्रारंभ होने के पहले शिक्षक विभाग द्वारा जर्जर स्थिति वाले स्कूलों का निरीक्षण कर उन्हें दुरुस्त करने का दावा किया जा रहा है लेकिन हकीकत किसी से छुपी नहीं है सिर्फ कागजों पर ही लाखों रुपए खर्च कर स्कूलों की मरम्मत की गई है। स्कूल में पढ़ने वाले छात्राओं पर मौत का साया स्कूल समय में मंडराता हुआ नजर आता है। एक और सरकार शिक्षा के बड़े-बड़े दावे कर रही है, तो वहीं सरकार की गलत नीतियों और बिगड़े सिस्टम के कारण जमीनी स्तर पर सारे दावे फेल होते दिखाई दे रहे हैं। जब स्कूल भवन की स्थिति बदहाल है, तो स्थानीय संबंधित बी आर सी , ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जन शिक्षा व संकुल प्राचार्य ने किस तरह निरीक्षण किया और अपने कार्य क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में क्या व्यवस्था सुधार किया बड़ा प्रश्न है।

उक्त विद्यालय में 70 से अधिक छात्राए अध्यनरत है, वहीं परिसर में सेवा सहकारी संस्था का भी संचालन हो रहा है,जबकि शासन प्रशासन के निर्देश अनुसार स्कूल परिसर में अन्य संस्थाओं का संचालन नहीं होना चाहिए। वर्तमान में बारिश का समय चल रहा है। यदि लगातार तेज बारिश होती है तो ऐसे में जर्जर भवन की दीवारें गिरने का भी भय हमेशा बना रहता है। विगत 1 वर्षों से लगातार बदहाल भवन की स्थिति से विभाग को अवगत कराया जा रहा है। बावजूद इसके भी जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। शायद इससे स्पष्ट होता है कि शिक्षा विभाग सिर्फ कागजों पर ही दावे करता है, लेकिन जमीनी हकीकत बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। वर्तमान में स्कूल स्टाफ व्दारा बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जर्जर कमरों से बाहर बैठा कर पढ़ाया जा रहा है।

#### हमने कई बार कराया अवगत

हमारे द्वारा संबंधित विभाग को कई बार लिखित रूप से बदहाल भवन की स्थिति से अवगत करा दिया गया है, लेकिन अभी तक विभागीय स्तर पर भवन दुरुस्त को लेकर कोई काम नहीं हो पाया है। बड़ी मुश्किल से परेशानियों के बीच बच्चों का अध्ययन करवाना पड़ रहा है।

**दीपक कुमार परसाई,** प्रभारी प्रधानाध्यापक गोदना

# रोटरी क्लब भौरासा को मिले कई अवार्ड




हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

रोटरी अंतरराष्ट्रीय डिस्टिक 3040 वर्ष 24- 25 की अवार्ड सेरेमनी मनमोहन मेहता ऑडिटोरियम इंदौर में बड़े ही उत्सव पूर्व वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें डिस्ट्रिक्ट 3040 के लगभग 110 क्लबो के अध्यक्ष सचिव व झोंन, रीजन व डिस्टिक के वरिष्ठ पदाधिकारी को अपने वर्षभर जनहितेषी कार्यों के करने पर गवर्नर रोटे.अनीश मलिक द्वारा कप, शील्ड, मोमेंटो व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री प्रदीप मंत्री, क्लब अध्यक्ष डॉ रूप सिंह नागर सचिव किशोर वर्मा को क्रमशःपाल हरीश स्टेच्यू ट्राफी व स्टार सेक्रेटरी का शानदार पुरस्कार प्रदान किया। भौंरासा क्लब को ब्लड डोनेशन कैंप, कम्युनिटी सर्विस, इंटरनेशनल सर्विस व ग्लोबल फैलोशिप, हेल्थ चेकअप, वाटर कूलर, एजुकेशन लिटरेसी, नेशनल बिल्डर अवार्ड, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण, पब्लिक इमेज, रोटरी कम्युनिटी क्राफ्ट आदि के श्रेष्ठ कार्य करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। क्लब को पुरस्कार प्राप्त होने पर नगर के पूर्व रोटेरियन सहित रोटे. कन्हैयालाल खाटवा, रोटे. रघुवीरसिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव, आचार्य सोनकच्छ क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर, पूर्व सहायक मंडल अध्यक्ष कमल नागर, वर्तमान सहायक मंडल अध्यक्ष दिनेश कारपेंटर एवं समाजसेवी प्रकाश मंत्री अनोखीलाल राठौर, रमेश चंद्र ईनानी, प्रमोद पालीवाल, हिम्मत सिंह ठाकुर,शेखर ठाकुर ,शुभम नागर भोरासा प्रेस क्लब से मनोज शुक्ला, अभय नागर, मनोज जोशी, चंदन सेठी, नरेंद्र माली, अजहर खान, मुकेश मालवीय, चेतन यादव अंकित मालवीय, निक्की नामदेव, आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### सोनी बने हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक



**आष्टा।** हिन्दू जागरण मंच का प्रांत अभ्यास वर्ग गंजबासौदा में रखा गया। कालू सोनी को हिन्दू जागरण मंच का जिला संयोजक बनाया गया। संयोजक बनने पर सोनी को सभी ने बधाई दी। बधाई देने वालों में दादू ठाकुर, रूपेश राठौर, कालू भट्ट, बीरबल उमठ, उमेश कुशवाहा, मनीष चोरसिया, तनीष अरोरा, अनमोल राठौर, गजेन्द्र मालवीय, भूरा सोनी, राम कुशवाहा सहित अन्य लोग शामिल है।

### ठाकुर प्रसाद वर्मा का निधन, दी श्रद्धांजलि



**आष्टा।** लंबे समय तक ग्राम पंचायत हराज खेड़ी के सरपंच एवम जनपद प्रतिनिधि रहे खाती समाज सीहोर के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद वर्मा का गत दिवस निधन हो गया। वे एक पखवाड़े से भोपाल के एक निजी अस्पताल में गंभीर अवस्था में ईलाज के लिए भर्ती थे। श्री प्रसाद की लगभग 71 वर्ष की आयु थी वे पूर्णरूपेण स्वस्थ एवम सक्रिय रहते थे उनके निधन से अंचल में शोक की लहर छा गई। ज्ञातव्य हो कि दिवंगत ठाकुर प्रसाद वर्मा कांग्रेस पार्टी में भी सक्रिय थे उनके निधन उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ,वरिष्ठ पार्षद भैया मियां,डॉ ओ पी वर्मा, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारासिंह पटेल, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रदीप प्रगति, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान , जितेंद्र शोभा खेड़ी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, रमेश चंद्र मुकाती, बी. एस. वर्मा, पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह, चतर्भुज तोमर ,अर्जुनअजय,सुनील कटारा , सोहेल मिर्जा, सुनील सेठी , इदरीश मंसूरी ,सलीम अंसारी, राजेश यादव, गोरे मियां, नन्नू लाल कासन्या, विनीत सिंगी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को संवेदना प्रकट की है।

### भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे आष्टा, कार्यकर्ताओं से की चर्चा

# कार्यकर्ता ही हैं भाजपा की असली पूंजी हम सब परिवार के सदस्यः खंडेलवाल

### प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, बहादुरसिंह मुकाती का भी किया स्वागत सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने गुरूवार को उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना कर उज्जैन से भोपाल लौटने पर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा, जिला प्राभारी बहादुरसिंह मुकाती के नेतृत्व में आष्टा, जावर, डोडी, कोठरी मंडल में स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किये गए। आष्टा में भाजपा नगर अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया के नेतृत्व में बायपास पर भव्य स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्वागत समारोह को प्रदेश अध्यक्ष जी ने संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने आष्टा, जावर, डोडी, कोठरी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में बहुत सारे दल होते है। कई दल परिवार चलाते है। कई दल जात, समाज बेश चलाते है। भाजपा एक मात्र ऐसा दल है जो अपने देवतुल्य कार्यकर्ताओ की ताकत से चलता है। कार्यकर्ता चाह ले तो हर चुनाव के परिणाम सकारात्मक आते है, अगर कार्यकर्ता में थोड़ा सा भी निराशा का भाव हो तो परिणाम सकारात्मक नही आ पाते है ।

भाजपा के हम सब कार्यकर्ता एक परिवार की तरह है। प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल ने कहा की भाजपा का कार्यकर्ता ही भाजपा की असली पूंजी है। सब कार्यकर्ता उत्साह से रहे,एक रहे,अनुशासन में रहे और अपनी क्षमता का उपयोग पार्टी को मजबूत करने में करे। मातृशक्ति का सम्मान करें। हम सब मिल कर कार्य करेंगे भाजपा एक पार्टी नही,एक परिवार है। मेरा पूरा प्रयास होगा की पार्टी के हर कार्यकर्ता का सम्मान होगा,आदर होगा,सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर कार्य करेंगे। हर कार्यकर्ता की बात सुनने,उनसे मिलने का प्रयास करूंगा। हम सब का कर्तव्य है कि पार्टी को ओर मजबूत बनाने की दिशा में हम सब मिल कर कार्य करे ओर एक नया इतिहास रचे । हमारी पार्टी आज भी बुलंदियों पर है,इसे हम सब को मिल कर ओर आगे ले जाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम दुनिया के सिरमौर बनने जा रहे है,हमारे प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है । सरकार के कार्य,योजनाओं को जनता तक,घर घर पहुचाना हम सब कार्यकर्ताओ का दायित्व है। कल निर्वाचित होने के बाद आज उज्जैन जा कर कार्य शुरू करने के पहले बाबा महांकाल के दर्शन और आशीर्वाद लेने उज्जैन पहुचा था। खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ता देश की अखंडता व आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए भाजपा को और मजबूत बनाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्योग व रोजगार की नई परंपरा विकसित कर मध्यप्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाकर विकसित बना रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ के रूप में प्रारंभ हुई भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर संगठन का रूप ले चुकी है। मैं जब पार्टी अध्यक्ष बना तब मेरे मन में था कि अपने काम की शुरुआत मैं बाबा महाकाल के चरणों में प्रणाम करते हुए शुरू करूं। जब भगवान महाकाल के दर्शन करने आऊंगा तो उनके भक्तों के बीच नहीं आऊंगा तो यह यात्रा अधूरी रह जाती। बाबा महाकाल की कृपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा कर रही है।

प्रधानमंत्री जी ने देश के विकास को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में उद्योग से लेकर रोजगार की एक नई परंपरा विकसित कर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। यह सब भगवान महाकाल और जनता के आशीर्वाद से संभव हुआ है। मैं और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सत्ता और संगठन में संतुलन बनाकर डबल इंजन सरकार के जनहितैषी कार्यो से जनता को लाभ दिलाकर प्रदेश को विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनायेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम, प्रतिबद्धता से ही भाजपा को लंबे समय से जनता की सेवा करने का अवसर मिला। हम सब कार्यकर्ता एक माला के मोती हैं। हमें कार्यकर्ताओं के सम्मान को बरकरार रखने के साथ मध्यप्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित करने हैं। प्रदेश अध्यक्ष के साथ संगठन महामंत्री हितानन्द जी शर्मा भी उपस्तिथ थे।

प्रदेश भाजपा के नव निर्वाचित अध्यक्ष के सीहोर जिले में आगमन पर जावर जोड़,आष्टा में बायपास पर,कोठरी मेन रोड पर आयोजित स्वागत सम्मान समारोह रखे गये थे। सीहोर जिले की सीमा में प्रवेश के बाद प्रदेश अध्यक्ष जी का जावर,डोडी,आष्टा कोठरी मंडलो में सभी मंडल अध्यक्षो ने मंच बना कर स्वागत,सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किये। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा,जिला भाजपा के प्राभारी बहादुरसिंह मुकाती,विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,जिला महामंत्री धारासिंह पटेल,पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा, जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, नपा अध्यक्ष मती हेमकुंवर मेवाडा,अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,मानसिंह ठाकुर,नगीनचंद्र जैन,अतुल शर्मा, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर, कालू भट्ट, राजेन्द्र केशव, विजेंदर ठाकुर, सुनील आर्य, नरेन्द्र ठाकुर, धनरुपमल जैन, मोहित सोनी, सुमित मेहता, रवि शर्मा, अर्जुन ठाकुर, डॉ सलीम, कमलेश जैन, कल्लु मुकाती, प्रवेश शर्मा, मनोज ताम्रकार, देवकरण पहलवान, राजा मालवीय, बाबू देव्वाल, विष्णु परमार, महेन्द्र ठाकुर, सुरेश परमार, गुरुचरण परमार, दुलीचन्द कुशवाह, राकेश प्रजापति, मनीष धारवा, दिनेश सोलंकी, भगवत मेवाडा, अरशद अली, तेजसिंह राठौर, कन्हैया गेहलोत, महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष ऋतु आनन्द जैन, डॉ चंदा वोहरा, तारा कटारिया, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, प्रिया नीलेश खंडेलवाल, संध्या बजाज, गिरजा कुशवाह, चंदनबाला वोहरा, लता मुकाती, संध्या देवांग, निर्मला कुशवाह, नीलिमा बैरागी, मंजू राठौर, भगवती सोनी, पिंकी सोनी सहित सभी जिला भाजपा के पदाधिकारी, सभी मंडलो के अध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर बैठक में की चर्चा

### अधिकारियों ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बाला गुरु के की अध्यक्षता और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजीव खत्री की उपस्थिति में कलेक्टर सभागृह में पूर्व सैनिक वीर नारियों की बैठक संपन्न हुई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने वीर नारियों, पूर्व सैनिकों की विभिन्न राजस्व, चिकित्सा सुविधा, पेंशन और प्रशासनिक क्षेत्र की समस्याओं के आवेदन लेकर समस्याओं पर चर्चा की। एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी म.प्र द्वारा दिवंगत सैनिकों के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का निवेदन किया। जिस पर नियम अनुसार कार्रवाई करने का विश्वास व्यक्तकिया गया।एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष संतोष शर्मा के संयोजन में कलेक्टर महोदय एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी महोदय को पुष्प पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन करते हुए सोसाइटी की मप्र सैनिक कल्याण पत्रिका, भारतीय सैनिक और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बैठक के पश्चात शहीद सैनिकों की स्मृति में कलेक्टर परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

सैनिक कल्याण की बैठक में मुख्य रूप से वीरनारियां, पूर्व जिला कल्याण संयोजक सूबेदार कृष्ण मुरारी शर्मा, मोहन सिंह चंद्र, सैनिक कल्याण कार्यालय प्रभारी महेश विश्वकर्मा, जिला सह प्रभारी मुकेश पेठरिया, जिला संयोजक सूबेदार मेजर एचएन वर्मा, आष्टा से सूबेदार मोहर सिंह मेवाडा, सूबेदार ज्ञान सिंह, हवलदार राकेश कुमार मेवाड़ा, मुकेश इटावदिया पटवारी, कृष्णा मेवाड़ा, बलराम सिंह वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, एवं बुधनी, भेरूंदा, इछावर, जावर सहित पूरे जिले से 100 से अधिक पूर्व सैनिक और वीर नारी बैठक में उपस्थित रहे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को आष्टा प्रवास हेतु निवेदन किया गया।

### फल सब्जी मंडी के व्यापारियों ने त्यौहारों को लेकर अवकाश रखने रखी मांग



**आष्टा।** बीते दिवस उन्नतशील फल सब्जी मंडी व्यापारी संगठन अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह द्वारा जानकारी दी गई की, 6 जुलाई 2025 को मोहर्रम ताजिया त्योहार अन्य जगह मनाया जाएगा। लेकिन आस्था नगर में परंपरा अनुसार मोहर्रम ताजिया हमेशा से एक दिन पश्चात मनाया जाता है जिसको लेकर, फल सब्जी मंडी व्यापारियों द्वारा मंडी सचिव महोदय को लेटर पैड पर लिखित में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि नगर में मोहर्रम ताजिया दिनांक 7 जुलाई 2025 को मनाया जाएगा, जिसको लेकर हम सब व्यापारी गण लहसुन प्याज नीलामी में भाग नहीं ले पाएंगे, इस हेतु 7 जुलाई 2025 को फल सब्जी मंडी का अवकाश रखने का कष्ट करें एवं सभी किसान भाइयों को ध्वनि यंत्र के माध्यम से सूचना देने का कष्ट करें।

# पूजा-पाठ कर जीर्णोद्धारित शीतला माता मंदिर में माता रानी की प्रतिमा का कराया स्थान परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के प्राचीन शीतला माता मंदिर का जीर्णोद्धार निर्माण कार्य विगत कई दिनों से निरंतर माता शीतला की कृपा दृष्टि व भक्तों के सेवा संकल्प में किया जा रहा हैं। ज्ञात रहे यह मातारानी का मंदिर सम्पूर्ण आष्टा क्षेत्र में अतिप्राचीन एवं भक्तों की श्रद्धा का केंद्र हैं। इस मंदिर में पूर्व में स्थापित मूर्तियों का स्थान परिवर्तन कराकर मंदिर का कार्य निर्माणाधीन हैं, किंतु पुनः मंदिर में मातारानी के गर्भगृह के निर्माण को गतिमान होने के कारण मूर्तियों के चल स्वरूप को वैकल्पिकरूप में नवनिर्मित भवन में स्थापित किया।

इस हेतु आज गुप्त नवरात्रि के पावन दिवस भड़लिया नवमी पर मातारानी का देवीसूक्त मंत्रों से वैदिक पूजन कर महाअभिषेक विधि विधान के साथ नगरपुरोहित पं मनीष पाठक एवं डॉ पं दीपेश पाठक के मार्गदर्शन में समिति के अध्यक्ष दिनेश जी सोनी ने सपत्निक सहित समस्त समिति सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न किया। पश्चात आरती कर मातारानी के जयघोष कर ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य आदि कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर शीतला माता मंदिर पुजारी प्रेमनारायण जी मालवीय, शीतला माता मंदिर समिति के सदस्य गोविंद सोनी, विनोद जसाठी, जितेंद्र सोनी, प्रमोद शर्मा, मनोज पाठक, लाली मोटवानी, सुधीर जोशी, हरिओम सोनी (पटेल), राजेन्द्र साहू, मनीष नागौरी, जगदीश राठौर, राकेश सोनी, प्रकाश मेहलवार,अशोक साहू, रूपेश सोनी, मनोज दादलानी, संदीप जैन, राजेश जैन, राज सोनी, देवानंद भोजवानी, अनिल रेकवाल एवं नगरवासी सहित माताएं-बहने उपस्थित रही।

# गर्भवती मां धर्म पर श्रद्धा करेंगी तो होने वाला बच्चा भी धार्मिक संस्कार युक्त होगाः मुनिश्री निर्णय सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पाठशाला प्रेरक मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज ने श्री नेमिनाथ जिनालय नेमिनगर में आशीष वचन देते हुए कहां सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र मोक्ष का मार्ग है,इन तीनों के बिना मोक्ष की प्राप्ति नहीं। तत्त्वार्थ पर श्रद्धान करने को सम्यक दर्शन है।

प्रतिदिन स्वाध्याय करोंगे तो ज्ञान बढ़ेगा। गर्भवती मां धर्म पर श्रद्धा करेंगी तो होने वाला बच्चा भी धार्मिक संस्कार युक्त होगा। व्यक्ति को दान अवश्य करना चाहिए। संसार में सबसे बड़ा अंधकार क्या है,सबसे बड़ी अग्नि क्या है,सबसे बड़ा जहर साईनाइट से बड़ा क्या है मिथ्यात्व है। फालतू बिजली नहीं जलाना चाहिए।पाप बहुत कर रहे हो,जितनी सुविधाएं उतना ही अधिक पाप होता है। हाथों से काम करने पर कम पाप होगा। तत्त्वार्थ और देव, शास्त्र एवं गुरु पर श्रद्धान करें। पाठशाला से जुड़े, हिमालय से प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान मोक्ष गए।मिथ्यात्व का त्याग करने से सम्यकदर्शन की प्राप्ति होती है। आजकल महिलाएं मोबाइल पर सीरियल,पब्जी आदि गर्भ अवस्था में भी देखती है, इसीलिए बच्चों को मोबाइल की आदत बाल्यकाल से ही प्रारंभ हो जाती है। अपने घर को स्वर्ग और सुंदर बनाना है तथा बच्चे को भगवान बनाना है तो धर्म व नियमों का पालन करना चाहिए। राजा स्वाध्याय शील था। देवदर्शन करने से पापों का क्षय होता है इसलिए देव दर्शन नित्य करें। भगवान के दर्शन करने वाले को ही आत्म कल्याण होता है और वही सच्चे देव,शास्त्र और गुरु पर श्रद्धान करता है।जीवों की रक्षा करना चाहिए,कम से कम वाहन का उपयोग करें। मंदिर तो पैदल आना चाहिए। मुनियों का ही नहीं श्रावकों का भी चातुर्मास होता है। पाठशाला आने से धर्म ज्ञान बढ़ेगा।

सभी में मुनि बनने के भाव होना चाहिए, प्रतिदिन जिनवाणी श्रवण कर पुण्य बढ़ाने का काम करने का संकल्प लें। मुनिश्री निर्णय सागर जी ने कहा संस्कार लेने पर बच्चा आपको बुढ़ापे में पानी पिलाएगा और अंतिम समय में णमोकार महामंत्र सुनायेगा।संस्कार की महिमा है।शेर का बच्चा अपने पेट को भरने के लिए प्रशिक्षण नहीं लेता है। उसी प्रकार संस्कारवान बच्चों को प्रशिक्षण नहीं चाहिए। बच्चों को सच्ची राह दिखाएं और पाठशाला अवश्य भेजें।

### एसपी-एएसपी के मार्गदर्शन में थाना परिसर में हरियाली महोत्सव के तहत किया पौधरोपण

# पुलिस कर्मचारियों ने थाना परिसर में लगाए कई प्रजाति के पौधे





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

थाना परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए जिसमें नेम, पीपल, आम, शीशम, अमरूद, कटहल, बरगद, आंवला, सहतूस सहित विभिन्न प्रकार की प्रजाति के पौधे लगाए गए।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, अनु विभाग अधिकारी व अनुभाग आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में सिद्धिगंज पुलिस द्वारा हरियाली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे सभी के द्वारा पौधे लगाए गए। वहीं थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल द्वारा बताया गया कि अपने जीवन में सभी को पौधे लगाना चाहिए पौधे हमारे लिए एक वरदान है पौधे के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है पौधे से हमें जीवन दाहिनी ऑक्सीजन प्राप्त होती है। यदि पौधे नहीं रहे तो हमारा जीवन संभव नहीं है। हमारे जीवन में पौधे का बहुत महत्व है।

यदि पौधे नहीं रहे तो हमारा जीवन भी नहीं रहेगा। यदि पौधे जीवित रहेंगे तो हम और सभी जीव जंतु जीवित रहेंगे। इसीलिए हमें पौधे लगाना चाहिए और पौधे की सुरक्षा करनी चाहिए।

पौधे से हमें अत्यधिक लाभ होता है, पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन फल फूल लकड़ी अत्यधिक सामग्री पेड़ पौधों से ही हमें मिलती है। पेड़ पौधे हेतु हमारा जीवन है इसीलिए पेड़ पौधे को काटने से सभी को बचाना है और अत्यधिक मात्रा में पौधे लगाना है। पेड़ पौधे काटने के कारण वायुमंडल में ऑक्सीजन की कमी होती जा रही है और कार्बन डाइऑक्साइड एवं अन्य गैसों की मात्रा बढ़ती जा रही है। जिसके कारण प्रकृति में परिवर्तन देखा जा रहा है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए हम सभी को अत्यधिक मात्रा में पौधे लगाना पड़ेगा। पेड़ पौधे रहेंगे तो हमारा जीवन रहेगा।

थाना परिसर में किए गए पौधरोपण अभियान के दौरान थाना प्रभारी राजू बघेल, पुलिस स्टाफ सहित महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्दीकगंज, लक्ष्मी नारायण वर्मा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, पंकज बगाना, दिनेश पटवा, अरुण श्रीवास्तव, माखन चौहान, संतोष करोरिया, गोल्डी श्रीवास्तव, भरत राठौर, देवेंद्र बागवान, राहुल भाटी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नगर में होगा मुनि अक्षय सागर महाराज ससंघ का वर्षा योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिगंबर जैन संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित वर्तमान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ससंघ का पावन वर्षा योग के सानिध्य का सौभाग्य सीहोर के धर्म प्रेमी बंधुओं को प्राप्त हुआ है। इस सुनहरे अवसर पावन चातुर्मास पर्व पर धर्म लाभ अर्जित करने का लंबे समय से प्रतिक्षारत सकल जैन समाज के अटूट विश्वास आग्रह को आशीर्वाद प्राप्त हुआ । सकल जैन समाज के बार बार आग्रह पर आचार्य गुरुदेव समय सागर जी महाराज साहब ने संघ के वरिष्ठ संत परम पूज्य मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज और एलक श्री उपशम सागर जी महाराज साहब ससंघ का वर्षा योग का सौभाग्य सिद्धपुर नगरी सीहोर वासियों को प्राप्त हुआ। ज्ञातव्य है कि मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज साहब ससंघ के सानिध्य में मध्य प्रदेश के बरेली में पंच कल्याणक महोत्सव विश्व शांति महायज्ञ चल रहा था जहां सकल जैन समाज के भारी संख्या में श्रावक श्राविकाओ ने आग्रह कर सीहोर के लिए मंगल बिहार में पद यात्रा में शामिल होकर सीहोर हेतु समाज के वरिष्ठ, महिला मंडल, युवक-युवतीया पिछले एक सप्ताह से पद यात्रा करते हुए सीहोर आ रहें है। मंगल बिहार मुनिश्री सेवा समिति, महिला मंडल, वर्धमान युवा मंडल, वीर सेवा दल के युवक दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति सदस्य एवं महामंत्री मुनि श्री सेवा समिति, मंगल बिहार संघ के प्रभारी शअशोक कुमार जैन के निर्देशन में मंगल विहार पद यात्रा सफलता से करते हुए सिद्धपुर नगरी सीहोर में 6 जुलाई को दोपहर दो बजे श्रीं चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित ब्रह्मपुरी में मंगल प्रवेश पर श्रावक श्राविकाएं भक्ति भाव से ओतप्रोत आगवानी करेगे पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर ससंघ को शोभायात्रा के साथ जैन मंदिर स्थित छावनी पहुंचेंगे।

नोटिस जारी कर जीरापुर के निजी स्कूलों से मांगा जा रहा है जवाब

# निजी स्कूल में सरकारी शिक्षकों के पढ़ाने पर शिक्षा विभाग का एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

प्रदेश सरकार नौनिहालों के भविष्य सुधारने के लिए कितनी ही नीतियां बना ले परन्तु शिक्षा का स्तर सुधारने वाला नहीं है और इसको पूरा करने में कोई और नहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और पुराने हो चुके शिक्षक हैं। पुराने और स्थाई हो चुके शिक्षक ही ज्यादा लापरवाह और निडर हो चले हैं उन्हें अब विभाग के अधिकारियों और शिकायत का डर भी नहीं रहा। इसमें राजगढ़ का जीरापुर ब्लॉक कुछ ज्यादा ही चर्चा में रहता है। यह वही जीरापुर है जहां पेपर लीक जैसा मामला भी सरकारी शिक्षकों की मिलीभगत से हुआ और उसका लाभ निजी स्कूलों को दिया गया तभी पिछले सालों में प्रदेश सरकार से लैपटॉप पाने वालों में जीरापुर के निजी स्कूलों का नाम आया करता था। इन बातों से एक बात तो स्पष्ट हो जाती है कि सरकारी शिक्षक निजी स्कूल और कोचिंग संस्थानों का एक बड़ा सिंडिकेट काम कर रहा है जिसका खत्म होना होनहार बच्चों के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है।


मिली भगत से चलता रहता है निजी स्कूलों में पार्ट टाइम शिक्षा देने का कारोबार

मूक दर्शक बना विभाग : सालों से निजी स्कूलों में सेवाएं दे रहे शासकीय शिक्षक!



कोचिंग संस्थानों के बारे में भी जुटाई जा रही है जानकारी

## ऐसे होता है शिक्षा का व्यापार

1 जुलाई को हरिभूमि द्वारा 'मूक दर्शक बना शिक्षा विभाग' के नाम से समाचार प्रकाशित किया गया था जिसमें कई शासकीय शिक्षक व कर्मचारियों द्वारा शिक्षा का व्यापार करने के बारे में बताया गया था। सरकारी शिक्षक पिछले कई सालों से वह निजी स्कूलों में पीछे के गेट से या चोरी छुपे सेवाएं देते आ रहे हैं और विभाग को खबर तक नहीं मिली यह चिंताजनक है। यदि सरकारी शिक्षकों के पास इतना समय है तो क्यों न सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे कमजोर विधार्थियों के लिए स्कूल में ही एक्सट्रा क्लासेस लगवाई जाए जिससे उनके भविष्य को संवारा जा सके। 2025-26 सत्र तो अभी शुरू हुआ ही है और देखना है कि इस बार शिक्षा विभाग इन संबंधितों पर सख्ती करता है या फिर यह पूर्व के सालों की तरह ही शिक्षा का व्यापार करने में सफल रहेंगे।

1 अनिल पुष्पद जो कि सरकारी स्कूल गागोरनी ब्लाक जीरापुर में वर्ग-1 में है और केमेस्ट्री पढ़ाते हैं। यह पिछले कई सालों से रॉयल हाइट्स जीरापुर निजी संस्थान में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं साथ ही गोकुल धाम कॉलोनी में इनकी कोचिंग चलाने के बारे में भी पास आउट हो चुके विधार्थियों ने बताया।

2 अंतिम पुष्पद - सरकारी स्कूल गागोरनी ब्लॉक जीरापुर पोस्ट- वर्ग 1 फिजिक्स मां सरस्वती जीरापुर में पढ़ाने जाते थे।

3 कमल मंडलोई - सरकारी स्कूल झाडमऊ में पोस्टेड हैं और फिजिक्स इनका विषय है। यह निजी स्कूल रॉयल हाइट्स में पढ़ाने जाते है और बाबा गार्डन के आसपास में इनका कोचिंग संस्थान भी चलता है।

4 नवनीत हरधनिया - यह अभी सीएम राइस जीरापुर में हैं। निजी स्कूल मां सरस्वती और महर्षि स्कूल जीरापुर में यह अपनी सेवाएं पिछले सालों में देते आए है साथ ही जमाई कॉलोनी में इनकी कोचिंग धडल्ले से चलती है।

5 विजय गुप्ता - सरकारी शिक्षक वर्ग 2 अंग्रेजी में छोटी कन्या शाला हॉस्पिटल के सामने जाता है। मां सरस्वती स्कूल से भी इनका नाम जोडा जाता है या यह कहें कि यह उनका ही स्कूल है तो भी अतिशियोक्ति नहीं होगी। यह वहां पर अपना समय देते है और पढाते है।

6 दिलीप टेलर - बॉलक उच्चतर में हायर सेकेन्ड्री जीरापुर में वर्ग1 में मेथ्स के शिक्षक है। यह मॉ सरस्वती में जाते है क्योंकि यह संस्था तीन लोगों ने मिलकर खड़ी की थी जिसमें से 2 लोग सरकारी शिक्षक बन गए और तीसरा सुरेश सुमन उस संस्था में प्राचार्य पद पर कार्यरत है और देखरेख करते है। इनका भी इस स्कूल में जाकर पढ़ाना आम बात है।

7 रजनीश भावसार - हायर सेकेण्डी स्कूल कन्या शाला जीरापुर में पदस्थ हैं और इनका विषय बायोलॉजी है यह भावसार मोहल्ले में बडें पैमाने पर पिछले कई वर्षो से कोचिंग करते है।

8 विनोद वर्मा - कन्या शाला जीरापुर में पदस्त है फिजिक्स पढ़ाते है । प्रक्टिकल के नंबर का दबाव बनाकर छात्राओं को कोचिंग के लिए मजबूर करते है। माताजी मोहल्ले में इनकी भी कोचिंग सालों से चलती आ रही है।

9 नवनीत गुप्ता - कन्या शाला जीरपुर से गा्रमीण अंचल में हाल ही में ट्रांसफर हुआ है वर्षो से यह अंग्रेजी की कोचिंग करते आ रहे है परंतु मूंदड़ा पेट्रोल पंप के सामने जीरापुर में यह कोचिंग चलाते है।

10 राजेश शर्मा - कहने को यह ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक है परंतु ग्रामीण विकास की अपनी जिम्मेदारियों को छोडकर यह भी कोचिंग संस्थान चला रहे है। जबकि इनके पास पढ़ाने के लिए जरूरी डिग्री डीएड़ या बीएड़ जैसे कोई आधार नहीं है।

11 श्याम वर्मा - कन्या शाला जीरापुर में लेब टेक्निशियन की पोस्ट पर थे अभी माचलपुर कन्या शाला में ट्रॉसफर हुआ है। पिछले 20 सालों से गणित सहित और भी कई विषय की कोचिंग पढ़ाते आ रहे हैं।

12 सीमा गुप्ता - बालक उत्कृष्ट स्कूल जीरापुर में गणित पढ़ाती है। भंड़ावत रोड़ गुर्जर धर्मशाला के सामने कोचिंग पढ़ाती आ रहीं है।

13 रामेश्वर शर्मा - सीएम राइस जीरापुर से माचलपुर टॉसफर हुआ है विगत कई वर्षो से यह रॉयल हाइट्स मे वायलॉजी पढ़ाते आ रहे हैं।

**इनका कहना है**

डीईओ के आदेश पर हमने निजी स्कूलों को नोटिस जारी किए हैं और उनका उत्तर आने के बाद संबंधित शिक्षकों से उनका मत लेकर प्रतिवेदन उच्च अधिकारी तक भेजा जाएगा।

**रामबाबू पाटीदार,** बीईओ जीरापुर

अतिथि शिक्षक संघ ने सीएम के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

# अतिथि शिक्षक भर्ती में पुराने और अनुभवी अतिथियों को दें प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




स्कूल शिक्षा विभाग ने इस सत्र के लिए पुनः अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरूआत की है। ऐसे में अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह को एक ज्ञापन सौंपते हुए विगत सत्रों में कार्यरत पुराने अनुभवी अतिथि शिक्षकों को वरीयता देने की मांग रखी है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि स्थानांतरण, उच्च पद प्रभार, अतिशेष, पद सरंचना में अंतर आदि कारणों से पिछले वर्षों में बाहर किए गए अतिथि शिक्षकों को इस वर्ष हो रही नियुक्ति में प्राथमिकता दी जाए।

वर्तमान में जारी आदेश के बिन्दु क्रमांक 4.3 में विगत सत्र किसी संस्था में एक ही विषय वर्ग के दो पदों में से वर्तमान में एक पद समाप्त होने पर अधिक स्कोर वाले अतिथि को नियुक्ति देने के निर्देश हैं। इसलिए पुराने अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय न करते हुए अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर पुराने अनुभवी अतिथि शिक्षकों को रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाए।

## ई-अटेंडेंस अतिथि शिक्षकों पर न हो लागू

अतिथि शिक्षक संघ पदाधिकारी सतेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि वर्तमान में 'हमारे शिक्षक' पोर्टल से सभी शिक्षकों की ई-अटेंडेंस का नियम लागू किया गया है। यह नियम अतिथि शिक्षकों के ऊपर लागू न किया जाए, क्योंकि सरकार ने हमें मोबाइल खरीदने किसी तरह की कोई राशि नहीं दी है। हम थोड़े से वेतन में गुजारा नहीं कर पाते तो एन्ड्राइड मोबाइल कैसे खरीदेंगे। इस अवसर पर संघ जिलाध्यक्ष जगदीश दांगी, समन्दर सिंह सिंह, गोरीलाल, बहादुर सिंह, मायाराम, मोहनसिंह, अजय कुमार सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

## नेवज नदी के पुल पर लगी रेलिंग, बारिश में मिलेगी राहत



**पचोर।** नेवज नदी पर बने छोटे पुल पर गुरुवार को रेलिंग लगाई गई। नगर परिषद के सीएमओ दीपक रानवे ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। रानवे ने कहा कि बारिश के दिनों में नागरिकों को आने-जाने में सुविधा होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि बारिश के समय यदि पुल पर पानी भरा हो तो उसे पार न करें। यह पुल बिलापुरा सहित शहर के कई इलाकों को हाईवे से जोड़ता है। नागरिक इसी पुल से होकर हाईवे तक पहुंचते हैं।

पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई में पहुंचे समाजजन

# तंवर जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में दर्ज करने रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सामाजिक न्याय एवं पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा राजधानी भोपाल में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में राजगढ़ जिले के तंवर समाजजन भी पहुंचे और आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर को पत्र सौंपते हुए तंवर जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में दर्ज करने की मांग सभी द्वारा रखी गई। पत्र में उल्लेख है कि लोड़ा तंवर समाज की जनसंख्या न केवल राजगढ़ बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में काफी अधिक है। यह समाज वर्षों से शिक्षा, रोजगार आदि में पिछड़ा हुआ है क्योंकि समाज को केंद्रीय सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है। इसके साथ ही शासकीय सेवाओं में भी बहुत कम लोग उच्च पदों पर आसीन हैं क्योंकि हमें केंद्र की योजनाओं के अनुरूप आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता है। समाज के लोगों की आय का मुख्य साधन खेती, मजदूरी, पशुपालन इत्यादि है।

## पूर्व की जनसुनवाई में भी दिया था आवेदन

वर्ष 2009 में हुई जनसुनवाई में भी इस बाबत .आवेदन दिया गया था लेकिन तंवर समाज को केंद्रीय सूची में शामिल नहीं किया गया। ऐसे में समाजजनों ने पुनः आवेदन देते हुए अपनी मांग को दोहराया है। इस अवसर पर तंवर समाज जिलाध्यक्ष दरियाव सिंह तंवर, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, जिला पंचायत सदस्य रमेश तंवर, जिला उपाध्यक्ष चंदालाल तंवर, सरपंच मोहर सिंह तंवर, राजेश तंवर, पूर्व जपं अध्यक्ष जगदीश तंवर, नाहर सिंह तंवर, श्रीनाथ तंवर, करनसिंह तंवर, राधेश्याम तंवर, विजय तंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

# महिला थाना प्रभारी को कमान मिलने से लगेगी अपराधों पर लगाम



**माचलपुर।** अभी तक माचलपुर थाना प्रभारी के रूप जितने भी थाना प्रभारी रहे हैं वह सभी पुरुष ही रहे हैं। पहली बार किसी महिला को माचलपुर थाना प्रभारी के रूप में राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने कमान देकर कार्य करने का अवसर दिया है। जिसको लेकर नगर के नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। राजगढ़ जिले का राजस्थान की सीमा से सटा हुआ माचलपुर नगर व क्षेत्र के गांवों की सीमाएं राजस्थान से लगी हुई हैं जिसके कारण अपराध का ग्राफ भी हमेशा बड़ा रहता है। नगर व क्षेत्र में सट्टा जुआ सहित नशे का कारोबार फल फूल रहा है जिसकी चपेट में युवा पीढ़ी आ रही है। कभी कभार छोटी मोटी कार्यवाही इतिश्री कर दी जाती है। जिसमें दलाल किस्म के लोगों का भी अहम रोल रहता है। नगर के मध्य से गुजरने वाले स्टेट हाइवे पर भी लगातार जाम लगता रहता इस जाम के कारण हुई दुर्घटना में एक महिला ने अपनी जान गवाई थी वहीं एक बुजुर्ग भी अपनी टांग खो चुका है। अब नवनियुक्त महिला थाना प्रभारी से लोगों को उम्मीद है की अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाते हुए नगर की अव्यवस्थित यातायात को नियंत्रित करते हुए थाना में सक्रिय दलाल किस्म के लोगो पर नियंत्रण का काम करेंगी।

**इनका कहना है**

मैने अभी ज्वाइन किया है। मैं सभी अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाकर अपराधियों को पकड़ने का पूरा प्रयास करूंगी। साथ ही स्टेट हाईवे पर जाम न लगे इसका भी प्रयास करेंगे।

**पूजा परिहार, थाना प्रभारी माचलपुर**

## नपा कर्मचारियों को पदोन्नति करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नपा उपाध्यक्ष ने सीएमओ से रखी मांग



**सारंगपुर।** नगर पालिका राज्य उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा ने मंत्री डॉ गौतम टेटवाल द्वारा नगर को विभिन्न विकास कार्यों की जो सौगात दी उसके लिए में धन्यवाद प्रेषित करते हुए उनके द्वारा स्वीकृत कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे को नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति का लाभ दिए जाने तथा जिन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को निकाय में कार्य करते हुए 10 वर्ष हो चुके हैं उनको विनियमितिकरण किए जाने की कार्यवाही करने स्थाई कर्मियों को रिक्त पद पर पदस्थ करने व स्थाई कर्मियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान करने के संबंध में सीएमओ सुनेरे को पत्र सौंपा ताकि कर्मचारियों को उचित लाभ मिल सके।

सीसीबी ने भारतीय विद्या मंदिर में किया आयोजन

# स्कूली बच्चों को समझाए गए सहकारिता के महत्व व लाभ



**राजगढ़।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के तत्वावधान में स्थानीय राजमहल परिसर स्थित भारतीय विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों को सहकारिता के महत्व व लाभों से अवगत कराया गया। अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तारतम्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को भारत में सहकारिता के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सहकारिता उपायुक्त पीसी बरोठिया, सीसीबी के प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप चैहान, प्राचार्य गजेंद्र निंबोदिया की उपस्थिति में राजगढ़ ब्रांच अध्यक्ष अमरसिंह यादव ने कहा कि प्रदेश स्तर पर मप्र में राज्य सहकारी बैंक, जिला स्तर पर जिला सहकारी बैंक, तहसील स्तर पर विपणन संस्थाएं, प्राथमिक साख संस्थाएं रहती हैं। शासन द्वारा आत्मनिर्भर भारत के तहत नवीन समितियों के गठन तथा सीएसी के अंतर्गत 300 से अधिक सेवाएं सहकारिता द्वारा प्रदान की जाती हैं।

सहकारी बैंकों के माध्यम से 1 लाख 20 हजार किसानों को केसीसी जारी कर 482 करोड़ का ऋण वितरित किया गया है। इस दौरान बैंक द्वारा ग्राहकों को दी जाने विभिन्न सेवाओं की जानकारी देते हुए स्कूली बच्चों से अपने बैंक खाते सीसीबी में खोलने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन आर.एस. अहिरवार ने किया। इस अवसर पर दीपक बड़ोलिया, रामबाबू जाटव, मोहित मोरे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम मंदिर पर सामुदायिक भवन का विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मालवा के खाटू धाम बाबा श्याम मंदिर खुजनेर में दूर दूर से आने वाले श्याम भक्तों के ठहरने और मांगलिक कार्य के लिए भवन बनाया जा रहा है जिसका भूमिपूजन विधायक अमर सिंह यादव ने किया। इस दौरान बताया कि यह सामुदायिक आने वाले समय में के लिए एक उपयोगी, सुलभ और समर्पित स्थल के रूप में कार्य करेगा। हमारा प्रयास है कि जनकल्याण की हर योजना धरातल पर उतरे और उसका लाभ हर व्यक्ति तक पहुँचे इस हेतु आज क्षेत्रीय विधायक और मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अमर सिंह यादव ओर केदार गुप्ता काका गुप्ता द्वारा भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी समिति सदस्य नगर परिषद कर्मचारी। समस्त पार्षद गण। पुलिस स्टाफ सहित बाबा के भक्त जन उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण में सीएमएचओ को मिली कई कमियां

# स्वास्थ्य केंद्रों का रिकार्ड 1 हफ्ते में दुरुस्त करने का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



स्वास्थ्य विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर कितना क्रियान्वयन हो रहा है, यह जानने संबंधित कार्यक्रम से संबंधी रिकार्ड का होना आवश्यक है। बिना रिकार्ड संधारित किए किसी भी प्रकार की समीक्षा करना संभव नहीं है।

उक्त बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने शुक्रवार को खिलचीपुर ब्लाक के कुंडीबे सब हेल्थ सेंटर और ग्राम रूपारेल में टीकाकरण सत्र निरीक्षण के दौरान कही। गुरुवार को नरसिंहगढ़ और ब्यावरा ब्लॉक की स्वास्थ्य संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान भी उन्हें कहीं भी रिकार्ड संधारित नहीं मिला। इस पर उन्होंने जिले के समस्त सीबीएमओ और उनके अधीनस्थ अमले को एक हफ्ते का समय दिया है जिसमें उन्हें अपना रिकार्ड अनिवार्यतः संधारित करना है। सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल को खिलचीपुर के कुंडीबे सब हेल्थ सेंटर के सीएचओ के टीकाकरण सत्र पर अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने नरसिंहगढ़ के सब हेल्थ सेंटर गनियारी और मंडावर का भी निरीक्षण किया। यहां की सीएचओ के पास अपने कार्यों से संबंधित कोई रिकार्ड भी अपडेट नहीं था। बीपी और शुगर के मरीजों का कोई फॉलोअप रिकार्ड भी इनके पास नहीं पाया गया।

## ब्यावरा अस्पताल में मरीजों का जाना हाल

इसके उपरान्त सीएमएचओ सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचीं और जहां उन्होंने प्रसूता महिलाओं से बातचीत की। यहां सीबीएमओ सहित उनके अमले के मौके पर नहीं मिलने पर नाराजगी भी जाहिर की। इजेक्शन कक्ष अव्यवस्थित पाए जाने और आयुष्मान कार्ड की प्रगति भी असंतोषजनक पाई गई। इस पर संबंधितों को शोकाज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए गए।

वृक्ष आर्थिक प्रगति भी देते हैं : विधायक

# कृषि उपज मंडी प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ



**कुरावर।** नगर में शुक्रवार को दोपहर 1 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण से एक पेड़ मां के नाम के अभियान का प्रारंभ मंडी परिसर में विधायक मोहन शर्मा ने अपनी माता केशरबाई के नाम से पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर मंडी की भारसाधक एवं नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी भी उपस्थित रहीअभियान की शुरुआत में ढोल धमाके व आतिशबाजी के साथ विधायक मंडी परिसर में पहुंचे थे कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम का अभियान ठीक उसी तरह है जिस तरह हमें हमारी मां पाल पोसकर बड़ा करती है और हम संस्कार की छाया में अपने नए जीवन की शुरुआत करते हैं ठीक उसी तरह हमें जीवन देने वाले यह पौधे आगे जाकर छायादार वृक्ष बनते हैं उनसे हमें समय ऑक्सीजन मिलती है और यदि हम फलदार पौधे लगाते हैं तो वह आगे जाकर वृक्ष बनाकर हमारी आर्थिक प्रगति में भी सहायक होते हैं। साथ ही उन्होंने मंडी प्रांगण का क्षेत्रफल बढ़ाने के बाद भी कहीं और पिछले दिनों राजस्व एवं पुलिस विभाग में आए जमीनी विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि छोटी बात पर होने वाले यह विवाद हम आपसी समन्वय से खत्म कर सकते हैं। इस दौरान विधायक का व्यापारी संघ ने स्वागत किया।